सबसे ज़्यादा कार्बन डाईऑक्साइड छोड़ने वाले देश

ताईवान में ताइचुंग शहर में एक बिजलीघर है जो प्रति वर्ष 3.7 करोड़ टन कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जित करता है। यह दुनिया भर के किसी भी बिजलीघर से ज़्यादा है। इसी प्रकार से बिजली उत्पादन की प्रक्रिया में सर्वाधिक प्रति व्यक्ति कार्बन डाईऑक्साइड छोड़ने वाला देश ऑस्ट्रेलिया है। मगर आज भी यदि कुल कार्बन डाईऑक्साइड की मात्रा देखें तो यू.एस. के बिजलीघर सबसे ऊपर हैं।

यह सारी जानकारी एक नए डैटाबेस में प्रस्तुत की गई है। इस डैटाबेस में दुनिया भर की 4000 बिजली कंपनियों और करीब 50,000 बिजली संयंत्रों के ऊर्जा उत्पादन और कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन के आंकड़े संकलित हैं। इस डैटाबेस का निर्माण वॉशिंग्टन स्थित *सेंटर फॉर ग्लोबल डेवलपमेंट* ने हाल ही में किया है।

यू.एस. में लगभग 8000 बिजलीघर हैं जो प्रति वर्ष 2.5 अरब टन कार्बन डाईऑक्साइड पैदा करते हैं। इसको मिलाकर यू.एस. दुनिया में उत्सर्जित कार्बन डाईऑक्साइड में से 25 प्रतिशत के लिए जवाबदेह है। चीन बहुत पीछे नहीं है और यहां का कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन 2.4 अरब टन है। मगर प्रति व्यक्ति के लिहाज़ से देखें तो चीन यू.एस. से बहुत पीछे है। चीन के बाद रूस का नंबर आता है मगर वह बहुत पीछे है और उसका उत्सर्जन मात्र 60 करोड़ टन है।

सेंटर ने यह डैटाबेस सार्वजनिक उपयोग के लिए तैयार किया है ताकि बिजली क्षेत्र के बारे में समझ व जागरूकता बढ़े और हम कार्बन मुक्त बिजली उत्पादन की ओर कदम बढ़ा सकें। ***(स्रोत फीचर्स)***

सर्वाधिक कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन करने वाले देश (करोड़ टन)